**पीएम सूर्यघर योजना** तीन साल में 88,207 का मिला था लक्ष्य, डेढ़ साल में 39,308 ने उठाया लाभ

# लक्ष्य से तेज चला सूरज, घर हुए रोशन

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** अब सूरज घरों को रोशनी और उसे अपनाने वाले लोगों को राहत दे रहा है। यही वजह है कि हर घर सौर ऊर्जा से रोशन करने के संकल्प के साथ शुरू की गई प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना जिले में उम्मीद से कहीं अधिक रफ्तार से आगे बढ़ रही है।

हर महीने आने वाले भारी भरकम बिल के बोझ को कम करने के लिए फरवरी 2024 में शुरू की गई योजना के तहत जिले को तीन साल में 88,207 घरों को सौर ऊर्जा से जोड़े जाने का लक्ष्य दिया गया है, लेकिन करीब डेढ़ साल में ही ढाई साल तक का आंकड़ा पार हो गया है।

जिला नेडा अधिकारी के मुताबिक, योजना को करीब डेढ़ साल हुए हैं। इस अवधि में लक्ष्य के मुताबिक, 26,462 उपभोक्ताओं को लाभ दिया जाना था, अब तक 39,308 लोग इसका लाभ ले चुके हैं। लोगों के सौर ऊर्जा के प्रति बढ़ते रुझान, भागीदारी व जागरूकता ने इस मिशन को समय से पहले ही सफलता के करीब पहुंचा दिया है।

## यह है योजना

योजना के अंतर्गत 300 यूनिट मुफ्त बिजली उपलब्ध कराना है। इसके लिए घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाए जाते हैं। इससे उत्पादित बिजली ग्रिड के लिए स्टोर होती रहती है और महीने के अंत में बिजली के आए बिल में समायोजित हो जाती है। इससे बिजली बिल का बोझ कम होता है। योजना के तहत सोलर पैनल लगवाने वाले लाभार्थी को एक किलोवाट पर 45 हजार, दो किलोवाट पर 90 हजार, तीन से पांच किलोवाट पर 108,000 रुपये की सब्सिडी मिलती है।



## जिले को वर्षवार मिला लक्ष्य

| वर्ष | लक्ष्य |
|---|---|
| 2024-25 | 7,500 |
| 2025-26 | 18,962 |
| 2026-27 | 61,745 |